तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

14 नवागढ़ में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पंथी नृत्य स्पर्धा और गुरु ....



13 जन जागरूकता के लिए कंडरका में विशेष ...





## खबर संक्षेप

### चिट्टा तस्करी करने वाले तीन पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** चिट्टा तस्करी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मोहन नगर थाना क्षेत्र से खुर्सीपार निवासी .धनश्याम कौशिक ,रोशन साव,वैशाली नगर कैम्प 1 एमडी सरफराज खान को चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ऑनलाईन के माध्यम से अदान प्रदान कर एक चैनल बनाकर नशे का अवैध कारोबार पंजाब से लेकर दुर्ग भिलाई तक फैला रखा है। आरोपियों से पुलिस ने 4 मोबाईल फोन बरामद किया है। पुलिस ने इससे जुड़े 33 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ऑपरेशन विश्वास के तहत कार्रवाई कर चूकी है।

### शाम को छाए हल्के बादल रात का पारा 9.2 डिग्री दर्ज

**भिलाई।** गुरुवार की रात का पारा 9.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से करीब 4.5 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में दुर्ग-भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शीतलहर चलने के आसार है। इससे आगामी दिनों में ठंड और बढ़ेगी। इधर गुरुवार की शाम हल्के बादल की वजह से तापमान में हल्की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। बादल छंटते ही एक बार पुनः ठंड बढ़ेगी। गुरुवार को दिन का तापमान 30 डिग्री के करीब रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक इन दिनों सिर्फ रात में ही नहीं, बल्कि दिन में भी उत्तरी हवा आ रही है। इस बार पश्चिमी विक्षोभ कम गुजर रहा है और जो गुजर रहा है, उसका प्रभाव भी कम है। इसकी वजह से इस बार धीरे-धीरे पारा गिर रहा है और धीरे-धीरे ही तापमान में वृद्धि संभव है। इस दौरान सुबह कोहरे की स्थिति भी बनी रह सकती है। इस बार परफेक्ट ठंड पड़ रही है।

### रंजिश के चलते ठेका श्रमिक पर चलाया कटर

**भिलाई।** रंजिश के चलते युवक को कटर से वार कर मौके से फरार हो गए। शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि बीआरपी कालोनी स्टेशन मरौदा निवासी अजीत कुमार बीएसपी प्लांट में ठेका श्रमिक के रुप में काम करता है। 24 दिसंबर की रात काम से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान घर के पास मनीष कुमार रामटेके, जीगर कुमार सोनी ने देखकर गाली गलौज किया। आरोपी जीगर कुमार सोनी पीड़ित को पकड़ लिया और हाथ मुक्का से मारने लगा। तभी मनीष कुमार रामटेके अपने पास रखा कटर को निकालकर अजीत के गर्दन मे मारा। पीड़ित आरोपियों के हरकत को भाप कर तुरंत पटल गया। जिससे अजीत को कटर उसके पीठ मे लगा। खबर लगने पर पिता रंजीत सिंह, नीतू साहू समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे।जिसे देख आरोपी मौके से भाग निकले। मारपीट करने से सिर में भी चोट आई है।

# छत्तीसगढ़ की शांति पर हो रहे हमले चिंताजनक, बाबा घासीदास का संदेश आज और प्रासंगिकः भूपेश बघेल

## सिरसा में गुरु घासीदास जयंती समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के बेरला विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिरसा में आयोजित परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती समारोह में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ सतनाम ध्वज के ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसे धर्मगुरु एवं पूर्व केबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने संपन्न कराया।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी का दर्शन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और संवैधानिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश देकर सदियों पहले उस विचार को स्थापित किया, जिसकी आज देश और राज्य को सबसे अधिक आवश्यकता है। भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ को शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में इस सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने के प्रयास लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और उससे जुड़े संगठनों द्वारा समाज को धर्म और पंथ के आधार पर बाँटने की राजनीति की जा रही है, जिससे छत्तीसगढ़ की पहचान को गहरी चोट पहुँच रही है।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। प्रमुख रूप से सुरेंद्र तिवारी, टी.आर. जनार्दन, ललित विश्वकर्मा, माधुरी परगनिहा, रवि परगनिहा, प्रांजल तिवारी ▶▶| शेष पेज 13 पर



### समाज को जोड़ने वाला सूत्र है बाबा गुरु घासीदास का संदेशः छाबड़ा

उन्होंने कहा कि जब लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जाता है, तब विकास, शिक्षा और रोजगार जैसे मूल मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। बाबा गुरु घासीदास का संदेश ऐसी विभाजनकारी राजनीति का सीधा उत्तर है, जो मानवता, समानता और सेवा के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज का समय सामाजिक अस्थिरता और अविश्वास का है, जहाँ भाई-भाई से दूर होता जा रहा है। ऐसे माहौल में बाबा गुरु घासीदास जी का संदेश समाज को जोड़ने वाला सूत्र है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से सामाजिक समरसता और सभी वर्गों के सम्मान के पक्ष में खड़ी रही है।

**घपला**

### मरम्मत के नाम पर लीपापोती, पीएमजीएसवाय की भूमिका पर सवाल

# घटिया निर्माण की पोल खोलती चंडी तिलई-गोड़गिरी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित मुख्य मार्ग चंडी तिलई से गोड़गिरी तक की सड़क इन दिनों बदहाली की मिसाल बनती जा रही है। घटिया मटेरियल और गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते सड़क की डामरीकरण परतें जगह-जगह से उखड़ चुकी हैं, जिससे पूरे मार्ग पर गड्ढे नुमा स्थिति निर्मित हो गई है।

हालात ऐसे हैं कि कुछ ही महीनों में सड़क जर्जर हो गई और अब यह ग्रामीणों व राहगीरों के लिए खतरा बनती जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों की खुलेआम अनदेखी की गई। ऊपरी परत में घटिया डस्टनुमा गिट्टी डालकर काम पूरा कर दिया गया, जिसका नतीजा यह है कि हल्की बारिश या सामान्य यातायात में ही डामर उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो जा रहा है। पूरे मार्ग पर शायद ही कोई ऐसा हिस्सा बचा हो, जहां गड्ढे न हों।

**मरम्मत नहीं, सिर्फ खानापूर्ति :** ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत के नाम पर ठेकेदार द्वारा केवल लीपापोती और खानापूर्ति की जा रही है। उखड़ी हुई परतों को ढकने के लिए अस्थायी तरीके अपनाए जा रहे हैं, जिससे कुछ दिनों बाद वही स्थिति फिर सामने आ जाती है। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा संधारण कार्य में भी गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा।

डामर उखड़ने से ग्रामीणों में आक्रोश





### विभागीय अधिकारियों की चुप्पी

इस पूरे मामले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बेमेतरा के अधिकारियों-इंजीनियर, एसडीओ और कार्यपालन अभियंता-की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि न तो नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और न ही निर्माण व संधारण कार्य की गंभीरता से जांच। अधिकारियों की उदासीनता के चलते ठेकेदार मनमानी करने में सफल हो रहा है और शासन की राशि की गुणवत्ता की कीमत पर बचत की जा रही है।

### यातायात और सुरक्षा पर संकट

सड़क पर फैले गड्ढों और उखड़ी डामर परतों के कारण दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। दोपहिया वाहन चालक, स्कूली बच्चे और पैदल राहगीर सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग कई गांवों को जोड़ता है, लेकिन खराब सड़क के कारण आवागमन मुश्किल और जोखिम भरा हो गया है।

### जांच की मांग

स्थानीय ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क निर्माण में उपयोग किए गए मटेरियल की स्वतंत्र गुणवत्ता जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार व लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर और टिकाऊ सड़क सुविधा देना है, लेकिन कुछ ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से योजना की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

### कागजों में संधारण, जमीन पर हकीकत कुछ और

ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया कि 12 और 20 नवंबर 2025 को जिले की विभिन्न सड़कों के संधारण को लेकर विभाग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्खबरों में अपनी कार्यप्रणाली की सराहना की गई, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। बेरला ब्लॉक सहित जिले के कई गांवों में पीएमजीएसवाय की सड़कें कुछ ही समय में जर्जर हो चुकी हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और संबंधित विभाग मामले का संज्ञान लेते हैं या फिर ग्रामीणों को इसी बदहाल सड़क से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# लोकसभा स्तरीय स्पर्धा में बेरला ब्लॉक के खिलाड़ियों का दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सांसद खेल महोत्सव 2025 : प्रथम स्थान हासिल कर जिले को दिलाया गौरव

सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित चतुर्थ चरण की लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिता में बेरला ब्लॉक के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला बेमेतरा को गौरवान्वित किया है।

कार्यालय कलेक्टर, जिला दुर्ग के आदेशानुसार आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बेरला ब्लॉक (विधानसभा बेमेतरा) के खिलाड़ी सेक्टर-07 बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड, भिलाई पहुंचे, जहां जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए लगभग 200 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में सहभागिता की।

प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, खो-खो, फुगड़ी, 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, गेड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, योगासन, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग सहित अनेक खेलों में खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। विशेष रूप से लेंजवारा क्लस्टर की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग की महिला कबड्डी एवं फुगड़ी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। सांसद खेल महोत्सव 2025 के सफल आयोजन के लिए बेरला ब्लॉक को छह क्लस्टरों में विभाजित किया गया था, जिनमें नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कुसमी क्लस्टर से लोकेश्वर राव (व्यायाम शिक्षक) एवं गजेंद्र यादव, सरदा/बारगांव क्लस्टर से मोनिका गोवर्धन एवं रोहित बंजारे, गुधेली/हसदा क्लस्टर से पवन विश्वकर्मा एवं रामेश्वरी साहू, बेरला/देवरबीजा क्लस्टर से हेमचंद कोसले एवं चित्ररेखा साहू, लेंजवारा क्लस्टर से लेखन साहू एवं राधेश्याम साहू तथा भींभोरी क्लस्टर से ▶▶| शेष पेज 13 पर

# थानखमरिया में इंटेंसिफाईड आईईसी कैंपेन तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- स्वास्थ्य शिविर में 105 हितग्राहि हुए लाभान्वित



स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा द्वारा 26 दिसंबर किसान भवन उमरावनगर थानखमरिया में वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 105 हितग्राहियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया, जिसमें बीपी, शुगर, मलेरिया, हीमोग्लोबिन सिकलिंग, एचआईवी/एड्स, सिफलिश आदि संबंधित परामर्श के साथ रक्त जांच किया गया। हितग्राहियों को जांच के साथ दवाई प्रदान की गई और टीबी, एचआईवी/एड्स, सिफलिश पर परामर्शदाता द्वारा फैलने का कारण और बचाव हेतु जानकारी प्रदान की गई। उमरावनगर साजा के इस इंटेंसिफाईड आईईसी कैंपेन में एचआईवी/एड्स से जुड़े कई भ्रांति और अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1097 के साथ एचआईवी एड्स एक्ट 2017 के बारे में जानकारी भी साझा की गई। इस वृहद स्वास्थ्य शिविर में उमरावनगर के सरपंच राजेश साहू,सामुदायिक स्वास्थ्य ▶▶| शेष पेज 13 पर

### धान खरीदी केंद्रों की लिमिट बढ़ाने पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

# बढ़ाई गई धान खरीदी लिमिट जिले की जरूरतों से बेहद कमः आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 31 दिसंबर तक कार्रवाई न हुई तो तालाबंदी की चेतावनी

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी केंद्रों की लिमिट बढ़ाए जाने को जिले के किसानों के साथ अन्याय करार दिया है। उन्होंने कहा कि जिले के 129 धान खरीदी केंद्रों/सोसाइटियों में जो लिमिट बढ़ाई गई है, वह निर्धारित खरीदी अवधि में किसानों का धान खरीदने के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसी स्थिति में बड़ी संख्या में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार बेमेतरा जिले में धान खरीदी को लेकर हीलाहवाली कर रही है, जो समझ से परे है। खासकर तब, जब राज्य के खाद्य मंत्री स्वयं बेमेतरा जिले से निर्वाचित होकर आए हैं। इसके बावजूद जिले के किसानों की समस्याओं से उनका अनभिज्ञ रहना भाजपा जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अन्य जिलों के धान खरीदी केंद्रों की तुलना में बेमेतरा जिले के सभी 129 केंद्रों में बढ़ाई गई लिमिट बेहद कम है। किसान पहले से ही परेशान हैं और अब उन्हें और अधिक संकट में डाला जा रहा है। धान खरीदी को लगभग दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक बड़ी मात्रा में धान किसानों के ब्यारों में पड़ा-पड़ा सूख गया है, जिससे वजन में भारी कमी आ रही है।



### धान खरीदी की लिमिट में पर्याप्त बढ़ोतरी नहीं तो करेंगे तालाबंदी : छाबड़ा

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने आशंका जताई कि 31 जनवरी तक यदि इसी तरह खरीदी की गति धीमी रही, तो धान का वजन और घटेगा। दूसरी फसल के लिए पैसों की जरूरत के चलते किसान मजबूरी में निजी व्यापारियों को औने-पौने दामों में धान बेचने को विवश होंगे। उन्होंने इसे भाजपा सरकार का किसानों के खिलाफ एक सोचा-समझा षड़्यंत्र बताया। आशीष छाबड़ा ने चेतावनी दी कि यदि 30 दिसंबर तक धान खरीदी की लिमिट में पर्याप्त बढ़ोतरी नहीं की गई, तो जिला कांग्रेस कमेटी सभी धान खरीदी सोसाइटियों में तालाबंदी का कार्यक्रम करेगी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन कुंभकर्णी नींद में डूबी भाजपा सरकार को किसानों के दर्द का अहसास कराने के लिए किया जाएगा।

### बारदाना, तुलाई व उठाव व्यवस्था पर विशेष जोर

# धान खरीदी व्यवस्थाओं का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- किसानों से संवाद कर जानी जमीनी हकीकत



कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के ग्राम जेवरा एवं ग्राम कठिया स्थित धान खरीदी केंद्रों का सघन निरीक्षण कर खरीदी व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। निरीक्षण का उद्देश्य किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाना तथा खरीदी प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध बनाना रहा। कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों में पहुंचकर किसानों द्वारा लाए गए धान की गुणवत्ता, तुलाई प्रक्रिया, बारदाना उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था एवं उठाव की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं मॉइस्चर मशीन से धान का मॉइस्चर स्तर जांचते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि केवल नियमानुसार गुणवत्ता वाले धान की ही खरीदी की जाए, ताकि बाद में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बारदाना व्यवस्था पर ध्यान देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी धान खरीदी केंद्र में बारदाना की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बारदाना की उपलब्धता की प्रतिदिन समीक्षा की जाए तथा आवश्यकतानुसार समय रहते अतिरिक्त बारदाना की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि तुलाई और खरीदी प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित हो सके और किसानों को प्रतीक्षा न करनी पड़े।

**तुलाई प्रक्रिया में तेजी और पारदर्शिता पर जोरः** कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने तुलाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि तुलाई कार्य निर्धारित समय में पूर्ण हो तथा किसानों के सामने ही पारदर्शी तरीके से तुलाई की जाए। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों की नियमित जांच, तुलाई पर्ची की सही प्रविष्टि तथा किसानों को तत्काल पावती प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि तुलाई के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### उठाव और भंडारण व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी केंद्रों से धान का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए, जिससे केंद्रों में स्थान की कमी न हो। उन्होंने भंडारण व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रखने तथा बारिश या नमी से धान की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश भी दिए साथ ही निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों में उपस्थित ▶▶| शेष पेज 13 पर

# बेरला में विकसित भारत रोजगार मिशन को लेकर ग्राम सभाएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता हेतु जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत अधिकांश ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा मामगाई एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती प्रेमलता पद्माकर के निर्देशानुसार संपन्न हुआ।

ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को मिशन के उद्देश्य, लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि मिशन के अंतर्गत मनरेगा में किए गए संशोधनों के तहत रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 किया गया है, साथ ही जल संरक्षण, आजीविका संवर्धन एवं कौशल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेरला सुश्री दीप्ति वर्मा के मार्गदर्शन एवं जनपद सीईओ सुश्री दीप्ति मंडावी के नेतृत्व में अधिकारियों ने ग्राम स्तर पर जानकारी साझा की। ग्राम सभाओं में सरपंच, पंचगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रशासन ने ग्रामीणों से मिशन का अधिकतम लाभ उठाकर रोजगार व गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

# सुशासन सप्ताह में आए 117 आवेदन, पट्टा, सड़क-नाली से लेकर स्वास्थ्य से जुड़ी शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत आदित्य नगर जोन कार्यालय में सुशासन सप्ताह प्रशासन शहर की ओर अभियान के तहत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं महात्मा गांधी के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, कुलेश्वर साहू,पार्षद सावित्री साहू, रंजीता पाटिल,जितेंद्र कुमार, युवराज कुंजम, गुलशन साहू, अरुण सिंह, कमल देवांगन, सुरुचि उमरे, मनीष कोठारी, गुड्डू यादव सहित उपायुक्त मोहेंद्र साहू उपस्थित रहे। शिविर में नागरिकों द्वारा कुल 117 आवेदन आए, जिनमें 102 मांग संबंधी आवेदन एवं 15 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए। मांग पत्रों में पट्टा, सड़क एवं नाली निर्माण प्रमुख रहे, जबकि शिकायतों में पानी आपूर्ति एवं अतिक्रमण से संबंधित प्रकरण शामिल थे। सभी आवेदनों को त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया।शिविर के दौरान महापौर अलका बाघमार ने शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और आयुक्त को आवश्यक निर्देश दिए।

## महापौर अलका बाघमार ने आए आवेदनों का तत्काल निराकरण करने के दिए निर्देश

### हेल्थ कैम्प में 74 से ज्यादा मरीजों की जांच, लैब टेस्ट किया, दवा भी बांटी

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को विभागीय प्राथमिकता के साथ निराकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा अनुसार जनसमस्याओं के समाधान हेतु इस प्रकार के समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य सेवाओं से जुड़े प्रकरण शामिल किए गए। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 74 मरीजों का उपचार किया गया। 18 मरीजों के लैब टेस्ट, 43 हितग्राहियों को निशुल्क दवा प्रदान की गई।



### सरकारी योजनाओं का दिलाया लाभ, लिए गए आवेदन

शिविर में सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया गया। इसके लिए आवेदन भी लिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), जिला स्वास्थ्य समिति, पशुधन विकास विभाग, विद्युत विभाग, पंजीयन काउंटर, ट्रेड लाइसेंस, पेंशन शाखा, संपत्ति शाखा, एकीकृत बाल विकास परियोजना, आयुष विभाग, श्रम विभाग, आधार कार्ड एवं आबकारी विभाग के स्टॉल लगाए गए। अधिकारियों ने बताया कि सुशासन को लेकर हफ्तेभर शिविर लगाए जाएंगे। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर विभागीय प्रमुख और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### किसान दिवस पर दी गई रोजगार गारंटी की जानकारी

दुर्ग। कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा में 23 किसान दिवस पर जिले के किसानों के लिए कार्याशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। कृषि मंत्री ने विकसित भारत जी राम जी योजना की विस्तृत जानकारी दी। केन्द्र के प्रमुख डॉ. विजय जैन ने 125 दिन की रोजगार गारंटी, बेरोजगारी भत्ते के लिए बेहतर प्रावधान, समय पर मजदूरी का भुगतान और देरी होने पर मुआवजा की जानकारी किसानों को दी। मनीष कुमार वर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा किसानों को गेहूं व सरसों की उन्नत खेती की संपूर्ण विधि की जानकारी प्रदान की गई। डॉ. ईश्वरी कुमार साहू विषय वस्तु विशेषज्ञ ने रबी फसलों में चूहा नियंत्रण के तरीको से अवगत कराया। डॉ. विनय कुमार नायक विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा रबी फसलों की बीज बुआई हेतु मशीनों की समायोजन विधि के बारे में बताया गया। 75 से ज्यादा किसान उपस्थित रहे।

### महिला उद्यमियों की आत्मनिर्भरता की दिशा में दो दिवसीय प्रशिक्षण

दुर्ग। महिलाओं को स्वरोज़गार एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महिला उद्यम वित्त ऋण विषय पर आधारित एक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 22 एवं 23 दिसंबर 2025 को डीपीआरसी अंजोरा दुर्ग में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने एवं उसे आगे बढ़ाने के लिए उपलब्ध विभिन्न वित्तीय ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी महिलाओं को ऋण आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़, ऋण राशि, ब्याज दर, पुनर्भुगतान प्रक्रिया तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा बिज़नेस प्लान तैयार करने, बैंक से संपर्क स्थापित करने तथा वित्तीय प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना हेतु वित्तीय सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला में महिला उद्यम ऋण योजना, व्यवसाय प्रारंभ एवं विस्तार, परियोजना प्रतिवेदन निर्माण, बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं से ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

## वार्ड 31 में वर्षों से बदहाल बुनियादी सुविधाएं, गार्डन भी खंडहर में तब्दील

# मदर टेरेसा नगर में बदहाल सड़कें और पानी की किल्लत से वार्डवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*मदर टेरेसा नगर में बुनियादी सुविधाओं की हालत अब भी नहीं सुधरी है। यहां के लोग आज भी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। कई इलाकों में नल सूखे रहते हैं। यहां सड़कें और नालियां भी बुरी तरह जर्जर हैं। करीब बीस साल पहले बनाई गई सड़कों पर अब बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। लोगों को आवागमन में परेशानी होती है और बारिश के दिनों में हालत और खराब हो जाती है।*


वार्ड परिक्रमा


वार्ड 31 में पुरानी नालियों की दीवारें कई जगहों पर टूट चुकी हैं। सफाई के अभाव में शासकीय स्कूल के सामने सहित कई नालियां पूरी तरह जाम पड़ी हैं, जिससे आसपास मच्छर और बदबू की समस्या भी बढ़ रही है।

वार्ड में स्टील नगर, आदर्श नगर, सुंदर नगर, एक्शन कमेटी और गणेश मंच क्षेत्र में कुल पांच सामुदायिक भवन हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक इनका संधारण की जरूरत है। वार्ड का एकमात्र गार्डन भी बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। गार्डन के पास कचरा डंपिंग की जा रही है। दिनभर यहां मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है।

### आयुक्त के निरीक्षण के बाद भी नहीं सुधरी गार्डन की व्यवस्था







### वार्डवासियों का कहना कि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव, निगम नहीं दे रहा ध्यान

#### महीनों से बंद पार्क पर ताला, बच्चे खेलने से वंचित





वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर के निवासियों ने वार्ड के एकमात्र गार्डन की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि गार्डन कई दिनों से बंद पड़ा है और हमेशा ताला लगा रहता है, जिसके कारण बच्चों का खेलना और बुजुर्गों का टहलना पूरी तरह बंद हो गया है। वार्ड निवासी मीना कोसले और बॉबी देवी ने बताया कि इस गार्डन की देखरेख मां राज राजेश्वरी स्व सहायता समूह द्वारा की जा रही है, लेकिन रखरखाव की स्थिति संतोषजनक नहीं है। गार्डन की कई जगहों पर दीवार टूट चुकी है। फिसलपट्टी और झूले झाड़ियों और जंगल से घिरे पड़े हैं। खेलने वाले उपकरण जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। निवासियों का कहना है कि करीब एक माह पहले नगर निगम के आयुक्त स्वयं इस गार्डन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। गार्डन के संधारण और सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा हुई थी, लेकिन अब तक सुधारात्मक काम शुरू नहीं हो पाया। लोगों का कहना है कि वार्ड में यही एकमात्र गार्डन है, जहां बच्चे खेलते थे और सुबह शाम लोग टहलने आते थे। गार्डन बंद होने से सभी गतिविधियां ठप हो गई हैं। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम से जल्द मरम्मत, सफाई और गार्डन खोलने की मांग की है।

#### नशेड़ियों का अड्डा बना पार्क, सुरक्षा के लिए बंद करना पड़ा



वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर के एकमात्र गार्डन की देखरेख कर रही मां राज राजेश्वरी स्व सहायता समूह की प्रतिमा बघेल ने बताया कि करीब पांच माह पहले गार्डन का जिम्मा सौंपा गया था, लेकिन यहां सुरक्षा और रखरखाव से जुड़ी कई बड़ी दिक्कतें बनी हुई हैं। प्रतिमा बघेल के अनुसार, गार्डन परिसर में दिनभर नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। सुबह से देर रात तक शराब, गांजा सेवन और संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत मिलती रहती है। इसी वजह से सुरक्षा के दृष्टि से गार्डन में ताला लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि ताला लगाए जाने के बाद भी कई लोग दीवार फांदकर अंदर घुस आते हैं। इससे गार्डन की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचता है और माहौल असुरक्षित बना रहता है। गार्डन में पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण लगाए गए पौधों को सिंचाई के समय परेशानी होती है। प्रतिमा बघेल ने पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है।

#### पानी की भारी किल्लत, पाइप लाइन होने के बाद भी सूखे नल



वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर में पानी की समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है। कई इलाकों में पाइपलाइन तो बिछाई गई है, लेकिन नलों तक पानी नहीं पहुंच रहा। गणेश मंच के पास रहने वाली संगीता देवी ने बताया कि उनके गली में पाइपलाइन जरूर डाली गई है, लेकिन उसमें सालों से पानी नहीं आता। उन्होंने कहा कि घरों में पानी की आपूर्ति न होने के कारण लोगों को दूसरे मोहल्ले में जाकर पानी भरना पड़ता है। गर्मी के दिनों में स्थिति और ज्यादा खराब हो जाती है और लोग बूंद बूंद पानी के लिए परेशान हो जाते हैं। संगीता देवी ने बताया कि क्षेत्र में नाली मरम्मत की भी जरूरत है। नाली का लेवल नीचा होने के कारण बरसात के समय गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है। इस समस्या से जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं।

**50 लाख का प्रस्ताव**

गार्डन के संधारण और सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है, जो अभी भी पेंडिंग है। सामाजिक भवनों के संधारण के लिए भी निगम में बोला गया है। सड़क और नाली निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।
-**प्रियंका साहू**, पार्षद वार्ड 31 भिलाई

## पेंशनर्स के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों को दें महत्व : आचार्य शर्मा



दुर्ग। पेंशन दिवस को कभी नहीं भुलाया जा सकता। इसके लिये स्व. डीएसनकारा का संघर्ष और योगदान अतुलनीय है। उक्त बातें डॉ.महेश चन्द्र शर्मा ने कही। दुर्ग भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ द्वारा संघ कार्यालय केशरी नन्दन हनुमान मंदिर मीनाक्षी नगर दुर्ग पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संघ की उच्च शिक्षा शाखा के संभागीय संयोजक प्रो.महेश चन्द्र शर्मा थे। उन्होंने कहा कि पेंशन के मौलिक अधिकार के लिये उन्हीं के द्वारा दायर याचिका पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 17 दिसंबर 1982 को निर्णय लिया गया था। उक्त फैसले में स्पष्ट उल्लेख है कि पेंशन न कोई कृपा है, न अहसान और ना ही दान, अपितु अतीत में की गई सेवाओं का भुगतान है। समाज और शासन इस लिये पेंशनर्स के स्वाभिमान और अधिकारों का सम्मान भी करते हैं।

आचार्य डॉ.शर्मा ने कहा कि यह दिन शासन और समाज को हमेशा याद दिलाता रहेगा कि पेंशनर्स के सम्मान और सुरक्षा का हमेशा ध्यान रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्राचार्य पीडी वैष्णव ने स्व. नकारा को याद किया और उनकी सराहना की।

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की दुर्ग सम्भागीय शाखा के महामंत्री पीआर साहू ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। वरिष्ठ नागरिकों ने मनोरंजक-ज्ञानवर्धक खेलों का भी आयोजन किया। पुरस्कार पाकर पेंशनर्स के चेहरे खिल उठे। मौके पर शीतल प्रसाद साहू,उत्तम कुमार टिकरिहा, घनश्याम देवांगन, अशोक कुमार कनेरिया आदि उपस्थित थे।

## सिटी बस सेवा दोबारा शुरू करने सीएम के नाम ज्ञापन



भिलाई। ग्रामीण कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष पी लक्ष्मी नरसिम्हा के नेतृत्व में राज्य शासन की बंद पड़ी परिवहन योजना सिटी बस को पुनः चालू करने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम भिलाई तीन को ज्ञापन सौंपा गया।

सेवादल प्रदेश महामंत्री राजेश गुप्ता एवं छाया महापौर रामपाल नाविक ने कहा कि 2000 के पूर्व राज्य सरकार द्वारा सिटी बस का संचालन संपूर्ण छत्तीसगढ़ में शुरु किया गया था। जिसे प्रदेश के आम जनता को आवाजाही में काफी सुविधा हो रही थी किराए भी कम था। जिससे प्रदेश की जनता को आर्थिक लाभ मिल रहा था किंतु करोना काल के बाद उस परिवहन योजना को पूर्ण रूप से बंद कर दिया। लक्ष्मी नरसिम्हा ने राज्य शासन से मांग की है कि सिटी बस परिवहन योजना पुनः चालू करें ताकि जनता को सस्ता आवा गमन का सुविधा मिले।

## शिव महापुराण कथा में शामिल होने डॉ. सिंह को किया आमंत्रित



भिलाई। शिव शक्ति सेवा समिति भिलाई ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर शिव महापुराण कथा में शामिल होने आमंत्रण दिया। यह आयोजन 8 से 14 फरवरी तक भिलाई में आयोजित है। इसमें पं. युवराज पांडे कथा वाचक होंगे। इस अवसर पर समिति के सलाहकार अशोक शर्मा, अध्यक्ष सौरभ जायसवाल, जितेन्द्र जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## कबड्डी चैम्पियनशीप में गोमती निषाद का चयन



दुर्ग। नगर कबड्डी संघ एवं जय शीतला युवा वृन्द की होनहार खिलाड़ी गोमती निषाद का चयन 51वीं जूनियर बालिका कबड्डी चैम्पियनशिप की छग टीम में चयन किया गया। यह प्रतियोगिता 28 दिसम्बर तक कोलकाता के दमदम शहर में आयोजित की जा रही है। संघ के अध्यक्ष रामदास यादव, उपाध्यक्ष राकेश यादव एवं सचिव भूपेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष राकेश गिलानी बताया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का यह परिणाम है।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति, मिला सम्मान



भिलाई। माइलस्टोन अकादमी में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम कक्षा छठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा जूनियर विंग कोहका में आयोजित किया गया। बच्चों आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुति दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधीर शुक्ला चेयरमैन माइलस्टोन ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दी। वार्षिक उत्सव का विषय 30 ईयर्स ऑफ माइलस्टोन था जो सभी को माइलस्टोन की यात्रा को जीने, देखने और महसूस करने का अवसर प्रदान किया। वार्षिक उत्सव की पटकथा, गाने, नृत्य, प्रॉप आकर्षण का केन्द्र रहा। विद्यार्थियों की लगन अपने नृत्य प्रदर्शन को सबसे बेहतर करने की ललक और मिलकर पूरे वार्षिक उत्सव को सफल बनाने का प्रयास सराहनीय था। आयोजन के दिन बच्चों की रंग - बिरंगी वेशभूषा , मंच पर की गई लाइटिंग, साज - सज्जा दिल को लुभा लेने वाली थी। दर्शक दीर्घा में बैठे परिजन अपने-अपने बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे। शाला की डायरेक्टर डॉ. ममता शुक्ला और एकेडमिक डायरेक्टर शुभम शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों के साथ उनके पालकों व पूरे माइलस्टोन परिवार को शुभकामनाएं दी।

## खुद के इलाज के लिए सालों से गिड़गिड़ा रही हैं स्वास्थ्य व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने जिले की बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। आप ने कहा है कि दुर्ग जिले में हेल्थ सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है। अफसर अपनी कुर्सी बचाने और विसासिता भोगने में मस्त हैं, जनता त्रस्त है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि पुरे प्रदेश सरकारी हेल्थ सिस्टम बीमार है। इलाज को मोहताज है और सालों से अपने खुद के इलाज के लिए सरकार से मिन्नतें कर रही हैं गिड़गिड़ा रहा हैं। सरकार जानबूझ कर स्वस्थ व्यवस्था को वंटिलेटर तक पहुंचाने के बाद उसके अंतिम संस्कार की तैयारी मे जुट गई हैं, तभी तो पूरे प्रदेश मे निजी अस्पतालों की धूम मची हुई है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा 3000 करोड़ से शुरू हुआ बजट अब

- **हाईकोर्ट की फटकार के बाद भी स्वास्थ्य सुविधाओं में नहीं हो रहा सुधार**

लाखों करोड़ों में पहुंच गया है। आखिर इतना बजट जाता कहां है? इतने सालों में एक भी सरकारी अस्पताल को क्यों सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नहीं बनाया जा सका? क्यों एक भी सरकारी अस्पताल निजी अस्पतालों जैसा विश्वास हासिल नहीं कर पाया?क्यों इस प्रदेश के आम आदमी को सस्ती सरकारी स्वास्थ्य सेवा नहीं मिल पा रही है? जिस प्रदेश के 9 जिला अस्पतालों में आईसीयू ,12 में सिटी स्कैन मशीनें नहीं हैं, वहां अस्पताल के नाम पर जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आवश्यक दवाएं एवं जीवनरक्षक औषधियों की समय पर आपूर्ति नहीं हो रही है। आपातकालीन सेवाओं हेतु एम्बुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर हेल्थ सिस्टम को लेकर हाईकोर्ट भी फटकार लगा चुका है, लेकिन समस्या जस के तस है। जल्द ही समस्या का निराकरण नहीं हुआ, तो प्रदर्शन करेंगे।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

# जागो ग्राहक जागो... अपने अधिकारों को समझो, व्यापारी यदि गलत करे तो तुरंत शिकायत करो, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जारी स्टेट प्लान ऑफ एक्शन में दिए गए निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उपभोक्ता अधिकारों, उपभोक्ता संरक्षण कानूनों तथा उपलब्ध विधिक उपायों के प्रति जागरूक करना रहा।





इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित विधिक जागरूकता शिविर, संवादात्मक व्याख्यान, परामर्श सत्र तथा सूचना सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं को यह जानकारी दी गई कि किसी वस्तु अथवा सेवा में दोष पाए जाने की स्थिति में वे किस प्रकार अपने अधिकारों का संरक्षण कर सकते हैं तथा उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के माध्यम से शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते हैं।

### उपभोक्ता सिर्फ खरीदार नहीं अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी भी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से यह भी संदेश दिया गया कि उपभोक्ता केवल खरीदार ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता से न केवल शोषण पर रोक लगाई जा सकती है, बल्कि पारदर्शी एवं उत्तरदायी बाजार व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा सकता है। इस संबंध में नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करें। उक्त कार्यक्रमों में पैरालीगल वालेंटियर्स, छात्र-छात्राएं तथा आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

**अनदेखी:** हमेशा लटका रहता है भवन में ताला, भवन की सीढ़ी में बैठे रहते हैं किसान

# किसानों को नहीं मिल रहा बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित तहसील कार्यालय में अपने कामकाज लेकर पहुंचने वाले जिले के किसानो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने लाखों रूपए की राशि खर्च कर तहसील कार्यालय परिसर में ही बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस का निर्माण कराया है। हाल ही में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने इस नवनिर्मित बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस का लोकार्पण कर किसानो को समर्पित भी कर दिया है। लेकिन तहसील कार्यालय पहुंचने वाले किसानो की माने तो उनके लिए और उनके नाम से बनवाए गए इस बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस का उनको कोई लाभ नहीं मिल रहा है। किसानो ने बताया कि इस बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस में हमेशा ताला लटका रहता है। ऐसी स्थिति में अगर दूर दराज से आने वाले किसान यहां आराम करना चाहे या शौचालय आदि का उपयोग करना चाहे तो उन्हे इसकी सुविधा नहीं मिल रही है। मजबूरन किसानो को सदन की सीढ़ियों में ही बैठकर समय गुजारना पड़ता है। किसानो का कहना है कि अगर बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस वास्तव में किसानो के लिए बना है तो इसे कार्यालयीन समय और दिवस में खुला रहना चाहिए ताकि किसान इसका उपयोग कर सकें। लेकिन भगवान जाने इस बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस की जिम्मेदारी किसे दी गई है जो इसमे हमेशा इसमें ताला लगाकर रखता है।

**प्रदेश का पहला बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस**




यहां बताना लाजिमी होगा कि जिला मुख्यालय कवर्धा के तहसील कार्यालय परिसर में निर्मित बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस प्रदेश का पहला बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस है। करीब 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस पूरी तरह से सर्व सुविधा युक्त है। नवनिर्मित किसान रेस्ट हाउस में एयर कंडीशन युक्त कक्ष, ठंडा पेयजल के लिए वाटर कूलर, मनोरंजन के लिए टीवी, स्वच्छ शौचालय, बैठने की आरामदायक व्यवस्था, साफ-सफाई और जल सुविधा जैसी सभी आवश्यक इंतजाम हैं। इसके लोकार्पण पर दलील दी गई थी कि जिले में प्रवास के लिए आने वाले किसानों के ठहरने की सुविधा के लिए इसे तैयार किया गया। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि आज यह लाखों का बलराम सदन किसान रेस्ट हाऊस किसानो को मुंह चिढ़ाते हुए प्रतीत हो रहा है।

# जन जागरूकता के लिए कंडरका में विशेष ग्राम सभा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन की दी गई विस्तृत जानकारी

विकासखंड बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत कंडरका में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन 2025 (ग्रामीण) के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणों को योजना के प्रावधानों, लाभों एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम सभा को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत कंडरका के सरपंच रोहित यदु ने कहा कि नए अधिनियम के तहत रोजगार गारंटी के 100 दिनों को बढ़ाकर 125 दिन किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवारों को अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह मेहनतकश ग्रामीण समाज के जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाली योजना है। ग्राम पंचायत सचिव कमलेश देशलहरे ने योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण परिवारों के लिए ऐतिहासिक कदम है, जिससे गांवों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और आजीविका के स्थायी साधन सृजित होंगे। ग्राम स्तर पर विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं के निर्माण को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## ये रहे मौजूद

ग्राम सभा में पर्यवेक्षक के रूप में राज्यपाल पुरस्कार 2025 से सम्मानित शिक्षिका एवं प्रभारी प्रधान पाठक कंडरका केवरा सेन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उप सरपंच दशरथ लाल यदु, रोजगार सहायक राजू निषाद, संदीप चौहान, कोटवार, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। कुल मिलाकर, ग्राम सभा में योजना को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला और इसे गांव के विकास की दिशा में अहम कदम बताया गया।

**खबर संक्षेप**

## सद्भावना शिविर का आयोजन 30 दिसंबर को

**कवर्धा।** अनुसूचित जातियों के विकास एवं कल्याण तथा उनके प्रति व्याप्त अस्पृश्यता के सामाजिक कलंक को समाप्त करने एवं जनमानस में जागरूकता लाने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में सद्भावना शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 30 दिसंबर 2025 को ग्राम एवं ग्राम पंचायत तारो, विकासखंड बोड़ला में एक दिवसीय सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त सामाजिक रूढ़ियों, कुरीतियों एवं भेदभावपूर्ण मानसिकता के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाते हुए स्वच्छ, निर्मल एवं समरस सामाजिक वातावरण का निर्माण करना है।

# ग्राम पंचायत सूखाताल में नहीं बैठ रही सरपंच सचिव की पटरी

■ सचिव समर्थकों ने सरपंच पर लगाए आरोप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिले की जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत सूखाताल में ग्राम सरपंच और सचिव के बीच जंग छिड़ी हुई है। आलम ये है कि कभी ग्राम सरपंच अपने समर्थक ग्रामीणों की फौज लेकर जिला कार्यालय पहुंचकर सचिव की शिकायत कर रहे हैं तो कभी सचिव अपने समर्थक ग्रामीण और पंचों की भीड़ लेकर कलेक्टोरेट पहुंचकर सरपंच की शिकायत करते दिखाई दे रहे है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी कुछ दिन पूर्व ही ग्राम सरपंच श्रीमती नेहा वर्मा और उनके पति ग्राम पंचायत सूखाताल के सचिव अशोक वर्मा पर आरोप लगाते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था कि श्री वर्मा अपने मूल निवासी, ग्राम पंचायत सुखाताल जनपद पंचायत कवर्धा जिला कबीरधाम में सचिव पद पर 23 सितम्बर 2024 से अतिरिक्त प्रभार पदस्थ है। जिसके द्वारा मतदाता सूची के प्रथम प्रकाशन में ही लगभग 200 से 250 मतदाताओं को बिना सूचना दिए एक वार्ड से दूसरे वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। जिससे आगामी पंचायत चुनाव में गृह ग्राम सुखाताल में पदस्थ होने के कारण त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रभावित किए जाने की पूर्ण आशंका है। ग्रामीणों ने इस स्थिति को लेकर हुए पंचायत सचिव श्री वर्मा ग्राम पंचायत सूखाताल से तत्काल हटाए जाने की मांग की थी। वहीं अब सचिव समर्थकों ने ग्राम सरपंच और उनके पति के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शुक्रवार को जिला कार्यालय पहुंचकर लम्बी चोंड़ी शिकायत दर्ज कराई है। सरपंच और उनके पति की शिकायत करने पहुंचे ग्राम पंच राजेन्द्र वर्मा, सुशील वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, धनीराम वर्मा, शिवकुमार साहू, श्रीमती सिया बाई पति शुरूराम वर्मा, सतिबाई पति सनत साहू, श्रीमती बबिता हरिचंद कुर्रे सहित ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सूखाताल सरपंच श्रीमती नेहा वर्मा और उनके पति द्वारा मनमानी करते हुए ग्राम विकास को रोका जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच श्रीमती नेहा वर्मा विगत 08 माह से ग्राम पंचायत की बैठक में उपस्थित नहीं हुई है जबकि इस बीच करीब 15 बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। वहीं पंचों व ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत में स्वीकृत सार्वजनिक शौचालयों निर्माण राशि 4.50 लाख, हाई स्कूल मरम्मत कार्य राशि 1.60 लाख, शौचालय मरम्मत हाई स्कूल राशि 10.30 लाख तथा मनरेगा योजनांतर्गत कार्य प्रारंभ को सरपंच द्वारा राशि स्वीकृत होने के बाद भी अनावश्यक रूप से रोक कर रखा गया है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों तथा पंचो ने ग्राम पंचायत सरपंच को तत्काल पद से हटाए जाने की मांग की है।



# घने कोहरे पर परिवहन विभाग का अलर्ट वाहन चालकों से सतर्कता बरतने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में घने कोहरे के कारण हुए भीषण सड़क हादसों को दृष्टिगत रखते हुए जिला परिवहन विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। हाल के दिनों में यमुना एक्सप्रेसवे एवं दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के चलते कई वाहन आपस में टकरा गए, जिनमें अनेक लोगों की मृत्यु हुई है तथा कई लोग घायल हुए हैं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला परिवहन विभाग ने जिले के समस्त यात्री बस संचालकों एवं कमर्शियल वाहन चालकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। परिवहन विभाग द्वारा जारी अपील में बताया गया है कि कोहरे में वाहन चलाते समय हेडलाइट को हमेशा लो-बीम मोड पर रखें, क्योंकि हाई-बीम लाइट कोहरे में सहायक नहीं होती। यदि वाहन में फॉग लैम्प उपलब्ध हों तो उनका अनिवार्य रूप से उपयोग करें। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि कोहरे में न केवल स्वयं देख पाना, बल्कि अन्य वाहन चालकों को दिखाई देना भी अत्यंत आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए वाहन चालकों से निम्नलिखित सावधानियां अपनाने की अपील की गई है। कोहरे में हमेशा धीमी गति से वाहन चलाएं, हेडलाइट एवं पार्किंग लाइट चालू रखें, फॉग लैम्प का उपयोग करें ताकि वाहन दूर से दिखाई दे तथा ओवरटेक करने से बचें।

# कुआंमालगी में गुरु बाबा घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुआंमालगी में गुरु बाबा घासीदास जयंती के अवसर पर झंडा रोहण, सतनाम संदेश शोभा यात्रा एवं भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा ने की। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे, जनपद पंचायत पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती नंदनी राजकुमार साहू, उपाध्यक्ष सत्र किशोर सानू तिवारी, सभापति सुखचंद भास्कर एवं ग्राम पंचायत सरपंच लीलाराम साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। अतिथियों द्वारा बाबा गुरु घासीदास के चित्र पर पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने गुरु घासीदास के संदेश मनखे-मनखे एक समान को समाज को जोड़ने वाला जीवन दर्शन बताया। उन्होंने कहा कि बाबा घासीदास ने सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलकर भेदभाव रहित समाज की नींव रखी। सभी ने संकल्प लिया कि वे समाज में प्रेम, भाईचारा और समानता बनाए रखेंगे तथा नशा, हिंसा और भेदभाव से दूर रहेंगे। कार्यक्रम में शिक्षा को बढ़ावा देने तथा तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट और शराब जैसे नशीले पदार्थो से दूर रहने का संदेश भी दिया गया। साथ ही राज्य सरकार के दो वर्षो के कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई। सतनाम समाज के आयोजक गढ़ सतनदास (जिला महंत कबीरधाम), बिश्राम सोनवानी (राज महंत), विष्णु सोनवानी, जगदीश कुर्रे, धरम सोनवानी, द्वारका बंजारे, सुखनंदन भास्कर सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, ग्रामवासी, आसपास के गढ़ों के प्रतिनिधि एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थें। कार्यक्रम में तुलसी कापा की शानदार पंथी नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया, वहीं अखाड़ा टीम के प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। ग्रामवासियों की मांग पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा ग्राम में 8 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की घोषणा की गई, जिस पर उपस्थित जनसमुदाय ने हर्ष व्यक्त किया।



# वन और वन्यजीव अपराध रोकने जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

सहसपुर सर्किल अंतर्गत वन एवं वन्यजीव अपराधों की रोकथाम और ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मंडल अधिकारी (वन) शिवेन्द्र भगत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वन एवं वन्यजीव संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। अपने उद्बोधन में भगत ने अनुसूची-1 में शामिल वन्य प्राणियों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये प्राणी अत्यंत संरक्षित श्रेणी में आते हैं तथा इनके शिकार, क्षति या अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण केवल कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को फसलों की सुरक्षा के नाम पर विद्युत करंट का प्रयोग न करने की सख्त हिदायत दी गई। भगत ने स्पष्ट रूप से बताया कि 11 केवी विद्युत लाइनों से अवैध हुकिंग कर खेतों में करंट फैलाना गंभीर अपराध है, जिससे न केवल वन्यजीवों बल्कि मानव जीवन को भी गंभीर खतरा होता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं भी इस प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो उसकी जानकारी तुरंत वन विभाग अथवा विद्युत विभाग के लाइनमैन को दें। इसके साथ ही उन्होंने वन्य प्राणियों के गांवों एवं रिहायशी क्षेत्रों की ओर आने के कारणों की जानकारी देते हुए कहा कि जंगलों में भोजन, पानी और सुरक्षित आवास की कमी के चलते वन्यजीव मानव बस्तियों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में वनों की कटाई रोकना और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में एंटी स्नेर वॉक के अंतर्गत ग्राम बड़ौदा खुर्द के राजस्व क्षेत्र में मिले पगमार्क के संबंध में ग्रामीणों को सतर्क किया गया। वन अधिकारियों द्वारा वन्यजीव सुरक्षा, अवैध शिकार पर रोकथाम तथा वनों की कटाई न करने को लेकर आवश्यक समझाईश दी गई।



## रासेयो का सात दिवसीय शिविर सम्पन्न




**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम रेंगाखार खुर्द बरपेला टोला टोला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। पूरे सप्ताह विविध सामाजिक शैक्षिक, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जागरूकता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ स्वयंसेवकों ने ग्राम समुदाय में जन जागरूकता का अलख जगाया। शिविर का उद्घाटन ग्राम के उपसरपंच कृष्णा पटेल एवं होम्योपैथी डॉक्टर अतुल देव वर्मा की उपस्थिति में किया गया। डॉ. अतुल देव वर्मा ने होम्योपैथी के माध्यम से चिकित्सा पद्धति की जानकारी स्वयंसेवकों को प्रदान की। कार्यक्रम अधिकारी सुजीत गुप्ता ने बताया कि बौद्धिक सत्र अंतर्गत महेश कुमार निर्मलकर परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन एवं भर्ती धुर्वे केस वर्कर ने जीवन का अधिकार, विकास का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, सहभागिता का अधिकार पर विस्तृत चर्चा किया। हेमधर साहू व्याख्याता के द्वारा जल संरक्षण एवं कचरा प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान देते हुए नदी के किनारे एवं गोठान प्रांगण में प्रेरक गीतों के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंकज सिंह ठाकुर सेवानिवृत्ति व्याख्याता ने पर्यावरण एवं उसकी सुरक्षा पर जोर दिया। नीलम यादव व्याख्याता के द्वारा सात दिवसीय शिविर में व्यवस्थापन मैनेजमेंट के द्वारा अनुशासित ढंग से रहने के संबंध में जानकारी प्रदान किया। अजय चंद्रवंशी जिला संगठन आयुक्त के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने जीवन काल के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राजेश तिवारी ने डिजिटल इंडिया के संबंध में जानकारी देते हुए डिजिटल अरेस्ट पर अपने विचार साझा किया साथ ही रितिका तिवारी एमबीबीएस छात्रा एवं आस्था सिंह परिहार एलएलबी छात्रा के द्वारा स्वयंसेवकों को लगातार परिश्रम का अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी गई। जिला संगठन कबीरधाम एवं बेमेतरा डॉ. केएस परिहार मैडम द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य लक्ष्य एवं समाज सेवा के साथ स्वयं के व्यक्तित्व के विकास विषय पर सारगर्भित जानकारी देते हुए पूरे टीम को अनुशासित बताया। कार्यक्रम का समापन समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण कर किया गया।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मार्गदर्शन में गांव-गांव की प्रतिभा को मिल रहा मंच

# केपीएल कवर्धा प्रीमियर लीग कप अनावरण के साथ सुपर नॉकआउट दौर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

नगर के स्थानीय करपात्री मैदान में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित केपीएल कवर्धा प्रीमियर लीग रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण की गुरुवार, 25 दिसंबर को रात्रि 7 बजे कप अनावरण समारोह के साथ भव्य शुरुआत हुई। इस आयोजन का मूल उद्देश्य गांव-गांव और पंचायत-पंचायत से छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देना, युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाना तथा जिले में खेल संस्कृति को सशक्त करना है। इसी उद्देश्य के साथ भाजपा संगठन के अंतर्गत बने 7 मंडलों में इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत स्तर से लगभग 325 टीमों ने भाग लिया। प्रथम चरण के लीग मुकाबलों के बाद अब 28 चयनित टीमें सुपर नॉकआउट दौर में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, जिनसे आगे सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। दूसरे चरण की शुरुआत विजेता टीम के लिए कप अनावरण के साथ की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, रामकिंकर वर्मा ,जिला भाजपा महामंत्री संतोष पटेल ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ठाकुर रघुराज सिंह, सुरेश दुबे ,युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीराम साहू, शहर मंडल अध्यक्ष श्रीमती सतविंदर पाहुजा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीर सिंग पटेल खिलेश्वर साहू, रवि राजपूत, विजय पटेल,श्रीकांत उपाध्याय,अजय कुमार ठाकुर, नितेश छाबड़ा ,दीपक चंद्रवंशी ,दुर्गेश अवस्थी, योगेश चंद्रवंशी, डोनेश ठाकुर, दीपक सिन्हा, सुनील साहू सहित जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी, केपीएल के मंडल प्रभारीगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। दूसरे दौर के उद्घाटन के दिन सुपर नॉकआउट राउंड में दो मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में बदराडीह ने सिंघनपुरी को पराजित किया, वहीं दूसरे मुकाबले में कवर्धा वार्ड क्रमांक 09 की टीम ने नेवारी पर जीत दर्ज की। दोनों ही मैचों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा और दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला।




## पेज 11 के शेष

### छत्तीसगढ़ की शांति पर हो रहे ..

कविता साहू, राजेंद्र साहू, प्रवीण वर्मा, हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड़, सुशीला जोशी, मिथिलेश वर्मा, शिव वर्मा, जोगिंदर छाबड़ा, सुनील नामदेव, विजय बघेल, टी.आर. साहू, नोहर देवांगन, हेमंत चंदेल, योगेश जांगड़े, मोहन दास टंडन, हरिशंकर मल्होत्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। समारोह का समापन सामाजिक एकता, भाईचारे और बाबा गुरु घासीदास के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ हुआ।

### लोकसभा स्तरीय स्पर्धा ...

लक्ष्मी नारायण साहू एवं पुष्पराज परगनिहा ने प्रतिभागियों को सुरक्षित लाने-ले जाने और प्रतियोगिता के सफल संचालन में सराहनीय योगदान दिया।बेरला ब्लॉक के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले में खेल प्रतिभाओं को नई पहचान मिली है और भविष्य में और बेहतर उपलब्धियों की उम्मीद जगी है।

### थानखमरिया में इंटेंसिफाईड ...

अधिकारी तोषण साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) सावित्री वर्मा, आईसीटीसी परामर्शदाता अभिषेक राजपूत, आईसीटीसी लैब टेक्नोलॉजिस्ट अरुण कुमार यादव, जीवन रेखा फाउंडेशन से ममता साहू, मनीष सेन, एकता राजपूत एवं रिंकी यादव उपस्थित रहे।

### धान खरीदी व्यवस्थाओं ...

किसानों से प्रत्यक्ष संवाद कर टोकन वितरण, तुलाई की गति, बारदाना की उपलब्धता, भुगतान प्रक्रिया एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है तथा प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं से वे संतुष्ट हैं।

किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देशः कलेक्टर ने केंद्र परिसर में किसानों के लिए पीने का पानी, छाया, बैठने की व्यवस्था, शौचालय एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी निरीक्षण किया। उन्होंने समिति प्रबंधकों को निर्देश दिए कि इन सभी सुविधाओं को हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। ।निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर भी मौजूद रहीं।

## खबर संक्षेप

### झाड़फूंक का प्रलोभन देकर अनाचार करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** झाडफूंक का झांसा देकर अनाचार करने वाले बैगा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नाबालिक की अचानक तबियत खराब होने पर उसे परसबोड़. बेमेतरा निवासी बाडू बैगा को उपचार व झाड़फूंक कराने अपने घर ग्राम बुलाया गया था। झाड़फूंक करने के बाद नींबू को लेकर फेंकने जाने के लिए बोला। उसके बाद बैगा महिला को अपने साथ घर से थोड़ी दूर लगे नर्सरी के भीतर ले जाकर धमकी देकर जान से मारने की धमकी देकर अनाचार किया। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच के बाद आरोपी बैगा परसबोड़.निवासी परमेश्वर बघेल उर्फ बाडू बैग को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ कर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र का है। गौरतलब हो कि ट्विनसिटी में अनाचार के मामले लगातार सामने आ रहा है। इसे लेकर पुलिस समेत कई सामाजिक संगठन जागरूकता अभियान भी चला रही है। बावजूद अनाचार के वारदातों पर लगाम नहीं लग पा रहा है। वर्ष 2025 माह जनवरी से दिसंबर तक 167 मामले जिले में हो चुके है।

### इलेक्ट्रिक शो रूम संचालक के साथ रकम के नाम पर मारपीट

**भिलाई।** इलेक्ट्रीक शो रुम के संचालक के साथ जबरन मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि विश्व बैंक कालोनी भिलाई तीन निवासी मिंटू कुमार झा की दुर्ग मे इलेक्ट्रिक स्कुटी माधव आटो मोबाइल के नाम से शो रूम है। दोस्त बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी एस शिव शेखर राव साल भर बाद मिला था। अचानक उसके शोरूम में आया और रकम इन्वेस्ट करने की बात करने लगा। अपने परिचित गणेश अन्ना द्वारा पैसा देने पर इन्वेस्ट करने की बात तक कही छी। इसे देख मिंटु ने भी 8 लाख रुपए साहस इंफ्राटेक कंपनी बिलासपुर में लगाया था। पैसा देते समय गणेश अन्ना द्वारा मुझे सुरक्षा बतौर दो चेक 5 -6 लाख कुल 11 लाख रुपए का चेक लिया था। उसके बाद कंपनी बंद होने से मिंटू को 8 लाख का नुकसान हो गया। दोनों आरोपी अपने पैसे की मांग कर लगातार किस्तों में रकम लेते रहे। अब तक 16 लाख रुपए पीड़ित उसे दे चुका है। 23 दिसंबर की शाम गणेश अन्ना व एस शिव शेखर राव फोन कर सिरसा गेट भिलाई तीन के पास बुलाया। मिंटू रायपुर से वापस आते समय सिरसा गेट के पास रुका। तब गणेश अन्ना, शिव शेखर राव और एक अन्य साथ थे। देखते ही रकम का डिमांड कर गाली-गलौज करने लगे। तब मिंटू ने अपने पिता को बुलाकर बैठकर बात करने की सलाह दोनों को दी।

**आयोजन :** सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला महोत्सव

# नवागढ़ में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पंथी नृत्य स्पर्धा और गुरु घासीदास लोककला महोत्सव का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नवागढ़

जिला मुख्यालय बेमेतरा से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित नवागढ़ विकासखंड के हाई स्कूल मैदान में आज से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं गुरु घासीदास लोककला महोत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन मानव-मानव एक समान, समानता, एकता, भाईचारा और सद्भाव का संदेश देने वाले सतनाम पंथ के संस्थापक, छत्तीसगढ़ के महान संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती के पावन अवसर पर आयोजित किया जा रहा है।

- राज्य के 19 जिलों से आए 31 पंथी नृत्य दल, दर्शक मंत्रमुग्ध

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु असमदास गुरु गोसाई द्वारा बाबा गुरु घासीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों एवं संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा को और अधिक बढ़ा दिया। यह राज्य स्तरीय आयोजन 26, 27 एवं 28 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें पंथी नृत्य प्रतियोगिता के साथ-साथ लोककला, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामाजिक संदेशों से ओत-प्रोत कार्यक्रमों की श्रृंखला देखने को मिलेगी। महोत्सव का उद्देश्य बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों—सत्य, अहिंसा, समानता, सामाजिक समरसता और मानवता—को जन-जन तक पहुंचाना है।

**मानव-मानव एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिकः गुरु गोसाईः** अपने संबोधन में गुरु असमदास गुरु गोसाई ने कहा कि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी ने समाज को छुआछूत, भेदभाव और कुरीतियों से मुक्त करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, "बाबा गुरु घासीदास जी का 'मानव-मानव एक समान' का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता, भाईचारा और सद्भाव को मजबूत करना चाहिए। महोत्सव के प्रथम दिवस पर राज्य के 19 जिलों से आए 31 पंथी नृत्य दलों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों की गूंज और पंथी नृत्य की लयबद्ध प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को भक्तिमय और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। लोक कलाकारों की जीवंत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं दर्शकों ने तालियों और उत्साह के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन स्थल पर आमजन की सुविधा और मनोरंजन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। बच्चों के लिए झूले, खेल-खिलौने, मनोरंजन स्टॉल लगाए गए हैं। इसके साथ ही खान-पान के विभिन्न प्रकार के स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहां स्थानीय व्यंजनों के साथ-साथ अन्य स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ उपलब्ध हैं। इससे हर आयु वर्ग के लोगों के लिए यह आयोजन खास और यादगार बन गया है।

### लोककला महोत्सव है लोक परंपराओं के संरक्षण का प्रतीक

गुरु घासीदास लोककला महोत्सव न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंच है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं के संरक्षण का भी प्रतीक है। आयोजकों ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में शामिल होकर बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों को आत्मसात करने और इस सांस्कृतिक उत्सव को सफल बनाने की अपील की है।उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं गुरु घासीदास लोककला महोत्सव 2025 आगामी 28 दिसंबर तक निरंतर चलेगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न जिलों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति का अद्भुत प्रदर्शन करेंगे ।

## बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर उनके विचारों से गूंजा गुणरबोड़ बासा

**बेमेतरा।** महान संत, समाज सुधारक और मानवता के पथप्रदर्शक सतनामी पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर ग्राम गुणरबोड़ एवं में भव्य एवं श्रद्धामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा गुरु घासीदास जी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए योगेश तिवारी ने बाबा जी के विचारों को आज के समय में और अधिक प्रासंगिक बताया सत्यनाम ही मानवता की सबसे बड़ी पहचान है" अपने संबोधन में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा— बाबा गुरु घासीदास जी केवल किसी एक समाज के संत नहीं थे, वे पूरे मानव समाज के लिए सत्य, अहिंसा और समानता का संदेश लेकर आए। उन्होंने हमें सिखाया कि जाति, वर्ग, और भेदभाव से ऊपर उठकर मानव धर्म को अपनाना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने आगे कहा— आज का समाज भौतिकता की दौड़ में सादा जीवन और उच्च विचार को भूलता जा रहा है बाबा गुरु घासीदास जी ने 'सत्यनाम सुमिरन' के माध्यम से हमें यह बताया कि सच्ची भक्ति, सच्ची पूजा मन की पवित्रता और कर्म की सच्चाई में होती है सादा जीवन, ऊँचा विचार—आज की सबसे बड़ी जरूरत योगेश तिवारी ने अपने विचार रखते हुए कहा— अगर हम बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलें, तो समाज से नफरत, हिंसा, और भेदभाव अपने आप समाप्त हो जाएगा आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने बच्चों को केवल पढ़ाएँ ही नहीं, बल्कि उन्हें सत्य, सेवा और सादगी के संस्कार भी दें।



### भाईचारे और सामाजिक समरसता को अपनाएं : तिवारी

उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि- "जाति, पार्टी और व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर मानवता, भाईचारे और सामाजिक समरसता को अपनाएँ। यही बाबा गुरु घासीदास जी के प्रति सच्ची होगी।" ग्रामीणों में दिखा उत्साह, श्रद्धा और आत्मीयता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मातृशक्ति, युवा एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे।

### गुरु घासीदास जी के संदेश को जीवन में उतारने का लिया संकल्प

जिसमें शामिल हुए ग्राम गुणरबोड़ हरीश चंद्र लहरें, कालेश्वर बंजारे, देवचरण बारले, राजेश्वर कोसले, कलीराम बंजारे, अनिल धुत, राजा बंजारे, गोपाल सोनवानी, आत्माराम बंजारे। ग्राम बासा जयंती नरोत्तम देशलहरे ,राजकुमार बंजारे,टापू लाल टंडन,गणेश बारले,रघु दिवाकर,पीटू दिवाकर,सुखदेव दिवाकर ,सुमित देशलहरे,शिव टंडन,तुमन बारले,राहुल टंडन राजा बांधे,नदकिशोर,गोवर्धन दिवाकर सुनील दिवाकर ,कामता दिवाकर,नरोत्तम सभी ने एक स्वर में बाबा गुरु घासीदास जी के 'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

# सतनाम पंथ का संदेश-सत्य, समानता और सामाजिक एकता

**बेमेतरा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सांकरा, सिरसा (सिंघौरी), बहुनावागांव एवं अछोली में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा महान संत, समाज सुधारक बाबा गुरु घांसीदास की 269वीं जन्म जयंती एवं मड़ई मेला का आयोजन श्रद्धा, उल्लास एवं सा मा जि क समरसता के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इन आयोजनों में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री तथा बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ,अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जनसमूह को भावविभोर कर दिया। ग्राम सांकरा में वीरेंद्र चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत पंथी नृत्य, वहीं ग्राम बहुनावागांव में जागृति पंथी पार्टी की गायिका कुमारी विनीता द्वारा प्रस्तुत पंथी नृत्य एवं गीत-संगीत ने सतनाम पंथ की परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक विरासत को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। ग्राम सिरसा (सिंघौरी) एवं अछोली में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन की गरिमा को और ऊँचाइयों तक पहुँचाया।

- बाबा गुरु घांसीदास जी की 269वीं जयंती पर बेमेतरा विधानसभा के विभिन्न गांव मे भव्य आयोजन



**'सतनाम' केवल एक आध्यात्मिक उद्घोष नहीं, जीवन दर्शन हैः गुरु खुशवंत साहेबः** कैबिनेट मंत्री. गुरु खुशवंत साहेब ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा गुरु घांसीदास जी का 'सतनाम' केवल एक आध्यात्मिक उद्घोष नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता पर आधारित जीवन दर्शन है। यह दर्शन समाज को जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर एकता एवं सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।"उन्होंने आगे कहा कि—छत्तीसगढ़ सरकार सतनामी समाज सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार के लिए निरंतर कार्य कर रही है, ताकि हर व्यक्ति आत्मनिर्भर बन सके और सामाजिक न्याय को मजबूती मिले। विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा गुरु घांसीदास जी का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। 'मनखे-मनखे एक समान' का सिद्धांत सामाजिक समरसता और समान अधिकारों की मजबूत नींव है।"उन्होंने कहा विधानसभा क्षेत्र मे सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, सामाजिक एकता और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपने मूल्यों और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।" विधायक श्री साहू ने आयोजकों एवं सतनामी समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बाबा गुरु घांसीदास जी के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रमों में भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी अवधेश सिंह चंदेल, प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया, रजककार कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला पंचायत अध्यक्ष/सदस्य प्रतिनिधि योगेश तिवारी, जिला पंचायत सभापति अंजनी प्रीतम चंदेल संतोष साहू मानक चतुर्वेदी होलू राम साहू,डोमेन्द्र सिंह राजपूत,और एन प्रकाश साहू, रामेश्वर देवांगन, अर्चना दिशलहरे पोषण वर्मा पोषण सिन्हा दुर्गेश वर्मा पुरुषोत्तम यादव दिनेश चतुर्वेदी सुशील चतुर्वेदी नयन दास कुर्रे चमन जांगड़े राकेश चतुर्वेदी सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक बंधु, ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शाइनिंग स्टार्स-15ः शिक्षा, संस्कृति और संस्कार का भव्य उत्सव

## शिक्षा, संस्कार और नवाचार का उत्कृष्ट केंद्र है एकेडमिक वर्ल्ड स्कूलः ओपी चौधरी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में आयोजित 15वां वार्षिकोत्सव "शाइनिंग स्टार्स–15" अत्यंत गरिमामय, अनुशासित और प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। "सभ्यता, संस्कृति और समृद्धि" थीम पर आधारित इस आयोजन में शिक्षा, भारतीय संस्कृति, आधुनिकता और नवाचार का संतुलित एवं सशक्त प्रस्तुतीकरण देखने को मिला। कार्यक्रम की भव्यता और सुव्यवस्थित आयोजन ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और संस्कार आधारित शिक्षा प्रणाली को रेखांकित किया।

समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी के आगमन पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं स्कूल बैंड द्वारा अनुशासित मार्च-पास्ट कर गरिमामय स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ श्री चौधरी, पंडरिया विधायक एवं विद्यालय संचालिका भावना बोहरा तथा विद्यालय प्राचार्य गिरीश कुमार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ओ. पी. चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों को केवल वर्तमान की आवश्यकताओं के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के लिए भी तैयार कर रहा है। विद्यार्थियों में वित्तीय साक्षरता, आत्मनिर्भरता और व्यावहारिक समझ विकसित करने के प्रयासों की उन्होंने विशेष सराहना की। श्री चौधरी ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटक और ऑर्केस्ट्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रस्तुतियाँ अत्यंत अनुशासित, सुव्यवस्थित और उच्च स्तर की थीं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि विद्यार्थियों की तैयारी विद्यालय परिसर में शिक्षकों के मार्गदर्शन में हुई है। उन्होंने छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की ल एमएमगन और विद्यालय प्रबंधन की दूरदर्शिता की प्रशंसा करते हुए इसे भविष्य के सशक्त नागरिकों के निर्माण की मजबूत नींव बताया। अपने संबोधन में श्री चौधरी ने जीवन से जुड़े अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। समारोह के दौरान स्व. आर. पी. बोहरा मेमोरियल पुरस्कार के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में उत्कृष्टता की भावना को प्रोत्साहन मिला। विद्यालय प्राचार्य गिरीश कुमार ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि जीवन में श्रेष्ठता प्राप्त करना है। वहीं उप-प्राचार्य डॉ. शिव कुमार तिवारी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन गरिमामय वातावरण में हुआ। शाइनिंग स्टार्स–15 समारोह ने यह संदेश दिया कि एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति और नवाचार को सहेजते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।



### आत्मविश्वासी व जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है विद्यालय का उद्देश्यः बोहरा

विद्यालय संचालिका एवं विधायक भावना बोहरा ने अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष और सफलता की मिसाल है, जो विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि इस भव्य आयोजन में हजारों अभिभावकों की उपस्थिति विद्यालय के प्रति समाज के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने अभिभावकों के सहयोग और विश्वास के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियां नहीं, बल्कि संस्कारवान, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। कार्यक्रम में नर्सरी से सीनियर कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, देशभक्ति, भारतीय संस्कृति, नृत्य, नाट्य और संगीत पर आधारित विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में सामाजिक चेतना, राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक मूल्यों की स्पष्ट झलक दिखाई दी। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित प्रदर्शनी में विज्ञान, कला और नवाचार से जुड़े विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए, जिन्हें अतिथियों और अभिभावकों ने सराहा। विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच और विषयों की स्पष्ट प्रस्तुति ने विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था को उजागर किया।

# अकलवारा में 30 दिसंबर से चार दिवसीय नवधा रामायण सम्मेलन

**बेमेतरा।** विकासखंड साजा अंतर्गत ग्राम अकलवारा में 30 दिसंबर से 2 जनवरी 2026 तक चार दिवसीय नवधा रामायण सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन का आयोजन तुलसी मानस मंडली, श्री रामदूत मानस मंडली, रामधुनी मंडली, शीतल सेवा समिति, श्री सद्गुरु कबीर सत्संग ग्रंथ मंडली, बाल मित्र मानस मंडली, जय श्री शीतला महिला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

आयोजकों ने बताया कि यह सम्मेलन अपने 46वें सफल वर्ष में प्रवेश कर चुका है, जिसमें क्षेत्र सहित दूर-दराज से आने वाली मानस मंडलियां सहभागिता करेंगी। सभी आमंत्रित मंडलियों के लिए ठहरने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही प्रत्येक मानस मंडली को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा, वहीं ग्रामवासियों द्वारा व्यक्तिगत पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। सम्मेलन के मंच संचालन की जिम्मेदारी विश्वनाथ साहू, कमलनारायण साहू, नंदकुमार साहू एवं धनेश्वर साहू को सौंपी गई है। आयोजन समिति के सदस्य ध्रुव साहू एवं ग्राम सरपंच विजय कुमार साहू ने बताया कि 3 जनवरी 2026 को ग्राम अकलवारा में विशाल मेला मंडई का आयोजन किया जाएगा। मेला के समापन अवसर पर रात्रि में प्रसिद्ध शिव भोला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी (ठाकुर टोला, डोंगरगढ़) द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।





